आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

राष्ट्रपति – दिव्यांगजन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों केलिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के साहस और उपलब्धियों का सम्मान करना है। इधर प्रदेश में भी अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज हमीरपुर के एनजीओ भवन परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेने और संविधान सभा की अध्यक्षता करने से लेकर प्रथम राष्ट्रपति बनने तक डॉ. प्रसाद ने अद्वितीय गरिमा, समर्पण और उद्देश्य की स्पष्टता के साथ राष्ट्र की सेवा की। प्रधानमंत्री ने प्रथम राष्ट्रपति की सादगी और साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवा और दूरदर्शिता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के धर्मशाला में चल रहे शीतकालीन सत्र की आज छठी बैठक है। प्रश्नकाल के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता।

धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज छठा दिन है। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी, जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। इसके अलावा आज सदन में तीन सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श और पारण होना है, जिनमें हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें संशोधन विधेयक 2025, हिमाचल प्रदेश दुकान और वाणिज्य स्थापना संशोधन विधेयक 2025 और भू संपदा, हिमाचल प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 को सदन में विचार विमर्श के लिए रखा जाएगा और इसे पारित किया जाएगा। नियम 62 के अंतर्गत दो ध्यानाकर्षण प्रस्तावों प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण–3 में कांगड़ा जिला में कार्य मे देरी और सुंदर नगर में स्थित जवाहर पार्क में बाहरी व्यापारियों को मेला लगाने की मंजूरी देने के फैसले से स्थानीय व्यापारियों में रोष से उत्पन्न स्थिति पर सदन में चर्चा होनी है। आज भी सदन में हंगामा देखने को मिल सकता है। बीते कल भी नौकरियों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार धर्मशाला।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल कांगड़ा में नव–निर्मित बाण गंगा घाट का लोकार्पण किया और हरिद्वार की तर्ज पर मंत्रोच्चारण के बीच संध्याकालीन आरती की शुरुआत की। प्रतिदिन होने वाली आरती यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। बाण गंगा घाट लगभग 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बना है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए यहाँ भव्य आरती स्थल, चेंजिंग रूम, शौचालय, आकर्षक मंच, सुंदर पार्क और बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित की गई है।

जयराम ठाकुर

प्रदेश भाजपा द्वारा कल 4 दिसंबर को धर्मशाला में प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री तीन साल से आर्थिक तंगी का हवाला देकर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये रैली आम लोगों की प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ नाराज़गी का एक उदाहरण होगा और प्रदेश सरकार को फैंकने का संकल्प लेंगे।

तो ऐसा है कि सुक्खू जी खाली आए थे और खाली जाएंगे, ऐसा कहकर अपनी बात कह रहे हैं एक तरह के। तो कुल मिलाकरके ये रोना तीन साल तो हो गया, लेकिन अब तीन साल के बाद प्रदेश की जनता काम चाहती है, रोना नहीं सुनना चाहती, रोना नहीं देखना चाहती। रोन्दू सरकार जो है उसे उखाड़ फैंकना है।

अभियान

प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते नशे के खिलाफ जहां सरकार व पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे है वही अब प्रदेश व जिला के लोक गायक भी अपने गानों के माध्यम से इस बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। कुल्लू के जाने माने पहाड़ी गायक इंद्रजीत ने चिट्टे के खिलाफ एक गाना लिखा है। उनका कहना है कि हम सभी को इसके प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की भी अपील की है।

मैंने चिट्टे के खिलाफ एक गाना बनाया है। मैं खासकर युवाओं से निवेदन करता हूं कि वे चिट्टे से दूर रहें। हम सभी को मिलकर एक संकल्प लेना है कि हिमाचल को चिट्टामुक्त और नुशामुक्त बनाना है। यह तभी संभव है जब हम सभी इकट्ठा होंगे और मिलकर अभियान करेंगे।

एनएचएआई–जियो समझौता

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण –एन.एच.ए.आई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार–आधारित सुरक्षा चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के लिए रिलायंसजियो के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए

हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को समय पर सूचना प्रदान करके सड़क सुरक्षा को मज़बूत करना है। इसके तहत, यात्रियों को एसएमएस, व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से उनके मोबाइल फोन पर अग्रिम सूचना प्राप्त होगी।

मौसम

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर लगातार जारी है। जनजातीय इलाकों में ठण्ड के बढ़ते प्रकोप से प्राकृतिक जलस्रोतों के जमने से लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार कल 4 दिसम्बर से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने पर कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना है।